जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. शेखर सिंह बघेल
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 116
दिनांक 12.07.2023

कृषि विज्ञान केन्द्र जबलपुर में प्राकृतिक एवं जैविक खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण सपन्न

जबलपुर 12 जुलाई, 2023। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से, विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र, जबलपुर, के समन्वय में भारत सरकार के क्षेत्रीय प्राकृतिक एवं जैविक खेती केन्द्र, नागपुर द्वारा कृषि विस्तार अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए प्राकृतिक एवं जैविक खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था।

इस अवसर पर प्रशिक्षण के आयोजक श्री अजय सिंह राजपूत, क्षेत्रीय निदेशक, नागपुर द्वारा इस प्रशिक्षण का उद्देश्य तथा प्राकृतिक एवं जैविक खेती का महत्व एवं केन्द्र की गतिविधियों के बारे में विस्तार से समझाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री नितिन कुलकर्णी, निदेशक उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर ने कृषि वानिकी में प्राकृतिक खेती की संम्भावनाओं पर चर्चा की। विशिष्ट आतिथि के रूप में डॉ. एस.आर.के. सिंह, निदेशक अटारी, जबलपुर जोन–IX द्वारा अपने उद्‌बोधन में प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कृषि विज्ञान केन्द्र, जबलपुर की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. रश्मि शुक्ला ने सभी आतिथियों का स्वागत करते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा प्राकृतिक खेती पर केन्द्र द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे में विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के ग्रामीण विस्तार अधिकारी तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. डी.के. सिंह, डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. यतिराज खरे, डॉ. नीलू विश्वकर्मा, डॉ. अक्षता तोमर, डॉ. निहारिका शुक्ला, श्रीमति जी.जी. एनी, डॉ. पूजा चतुर्वेदी एवं डॉ. नेहा शर्मा सहित क्षेत्रीय जैविक खेती, नागपुर से श्री रमेश चन्द तकनीकी अधिकारी तथा वैज्ञानिक टी.एफ.आर.आई., जबलपुर से डॉ. नंनिता वैरी की उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ताकि जिले के किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक किया जा सके।